2025/79 f —

## न्यायालय सहायक कलक्टर (उपखण्ड अधिकारी) बेगूँ जिला चितौडगढ़ (राज0)

प्रार्थना पत्र संख्या ::–10/2025

दिनांक 28/4/25

अनवान

घनश्याम पिता भेरा धाकड़ वगैरा
निवासी- अमरपुरा त० बेगूं

प्रार्थी / प्रार्थीगण

बनाम

भ्यारी पिता लालचन्द धाकड़ वगैरा
निवासी कन्थारिया त० बेगूं

विपक्षी / विपक्षीगण

:: आदेश प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 एल.आर.एक्ट के तहत बाबत पत्थरगढी करने::

न्यायालय में अधिवक्ता श्री G.L. धाकड़ के द्वारा एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 एल.आर.एक्ट के तहत हमारे समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जिसके बाद जॉच दर्ज किया जाकर प्रकरण में जॉच किये जाने पर पाया कि प्रार्थी / प्रार्थीगण वर्णित आराजीयात का खातेदार है तथा प्रार्थी द्वारा उनके खातेदारी की कृषि आराजी मौजा कन्थारिया पटवार हल्का रामपुरिया की आराजी संख्या खाता सं. 111 खसरा सं. 417/322 कुल कीता–01 कुल रकबा 0.4800 कृषि भूमि की पत्थरगढी किये जाने का निवेदन किया गया है।

पत्रावली मे प्रस्तुत दस्तावेज का अवलोकन हमारे द्वारा किये जाने पर प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाने योग्य पाया गया है। अतःप्रार्थी / प्रार्थीगण के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र की छायाप्रति इस आदेश के साथ संलग्न की जाकर आपको आदेश दिया जाता है कि प्रार्थी / प्रार्थीगण के खातेदारी की कृषि आराजी मौजा कन्थारिया पटवार हल्का रामपुरिया की आराजी संख्या खाता सं. 411 खसरा सं. 417/322 कुल कीता–01 कुल रकबा 0.4800 भूमि की पत्थरगढी हेतू सूचना पत्र जारी कर प्रार्थी / प्रार्थीगण एवं विपक्षी / विपक्षीगण की उपस्थिती में प्रार्थीगण से पत्थरगढी शुल्क की राशि 25.00/- प्राप्त करते हुए मौके की पत्थरगढी की जावें।

संलग्न ::– प्रार्थना पत्र
कीता–03

(हस्ताक्षर)
उपखण्ड अधिकारी, बेगूँ
जिला चितौडगढ़(राज.)

क्रमांक / सरिश्ता / 2025 / 210

दिनांक ::–30/4/25

प्रार्थना पत्र संख्या 10/25 व अनवान घनश्याम vs भ्यारी प्रार्थना पत्र अ0धा0 128 एल.आर.एक्ट में न्यायालय द्वारा दिये गये आदेश की प्रति आपको वास्ते पालनार्थ दी जाती है।

(हस्ताक्षर)
उपखण्ड अधिकारी,बेगूँ
जिला चितौडगढ़(राज.)